## राज्य इकाई तथा 33 जिलों की जिला इकाईयों के माध्यम से कोरोना से बचाव जागरण अभियान का प्रचार-प्रसार तथा कोरोना से बचाव के लिए मास्क सेनेटाइजर व काढ़ा आदि का वितरण। साथ में जरूरतमन्द लोगों को खाद्य व अन्य उपयोगी सामग्री राज्य के पुरस्कृत शिक्षकों ने वितरित की एवं कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया।

### पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान राज्य इकाई













राज्य के राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय पुरस्कृत शिक्षकों राज्य की जिला इकाइयों के तत्वावधान में राज्य इकाई के माध्यम से मुख्यमंत्री सहायता कोष कोविड-19 के लिए 11 लाख 21 हजार रुपये राशि का चैक शिक्षा मंत्री श्री गोविन्द सिंह जी डोटासरा को फोरम के महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा, साथ में उपाध्यक्ष सुदर्शन कुल्हार, कार्यालय सचिव महेश बाबू शर्मा तथा पर्यावरण सचिव शिवलाल मीना ने 13 मई को दिया। शिक्षा विभाग तथा शिक्षक समाज में राज्य के पुरस्कृत शिक्षक पहले उदाहरण बने हैं।

17 जून को डॉ. राधाकृष्णन शिक्षा संकुल जयपुर में जिले के बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों के लिए 200 मास्क मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री रामचन्द्र पिलानिया को राज्य इकाई की ओर से भेंट किये गये। इस अवसर पर अध्यक्ष सुश्री निर्मल ग्रोवर, महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा, उपाध्यक्ष सुदर्शन कुल्हार व विनोद शर्मा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, कार्यालय सचिव महेश बाबू शर्मा, सह सचिव बसन्त कानूनगो व सहायक निदेशक राजेन्द्र शर्मा हंस उपस्थित थे। राज्य इकाई के द्वारा कोरोना से बचाव जन जागरण अभियान 22 जून से 28जून तक इसके बाद में बढ़ा करके 5 जुलाई तक राज्य के सभी जिला इकाइयों के तत्वावधान में सभी जिलों में चलाया गया। अभियान के प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर का विमोचन 27 जून को संस्कृत व तकनीकी शिक्षा मंत्री डॉ. सुभाष गर्ग ने अपने निवास पर किया। इस अवसर पर अध्यक्ष निर्मल ग्रोवर, महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, महिला सचिव श्यामा कंवर, जयपुर जिला उपाध्यक्ष मुरलीधर जाट उपस्थित थे। जयपुर ट्रैफिक पुलिस उपायुक्त डॉ. अमृता दुहान ने राज्य इकाई द्वारा प्रकाशित कोरोना से बचाव का सन्देश देने वाले पम्पलेट का विमोचन किया। इस अवसर पर फोरम अध्यक्ष सुश्री निर्मल ग्रोवर, महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा, प्रदेश महिला सचिव श्यामा कंवर, कार्यालय सचिव महेश बाबू शर्मा तथा कार्यकारिणी सदस्य मनोज शर्मा उपस्थित थे।

## 1. जिला-अजमेर





पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान जिला इकाई अजमेर की ओर से 2 जून, 2020 को ब्लाक अरवड़-सराना में नरेगा श्रमिकों और जरूरतमन्द ग्रामीणवासियों को मास्क व फल वितरित किये गये। कार्यक्रम के संयोजक भागचन्द बैरवा थे। अरवड़-सराना ब्लाक में 10 जून को जिला इकाई अजमेर के द्वारा कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया। कोरोना योद्धा डॉ. मनमोहन गुर्जर, डॉ. पवन कुमार तिवाड़ी सहित समस्त स्वास्थ्य कर्मियों को साफा व माला पहना करके सम्मानित किया गया।

## 2. जिला-अलवर








पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला इकाई अलवर की ओर से जमालुद्दीन खान के नेतृत्व में ब्लाक मौजपुर में 150 परिण्डे 22 मई को लगाये गये। इस कार्य में स्काउट सदस्यों ने भी सहयोग किया। 28मई को फोरम जिला इकाई अलवर की ओर से राजगढ़ ब्लाक में फोरम सदस्य शिवराम मीणा के नेतृत्व में कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया। जिला इकाई अलवर की ओर से 10 जून को तहसील रेनी में फोरम सदस्य मुरारी लाल शास्त्री, नन्द लाल बैरवा, कैलाश चन्द मीणा व रामस्वरूप मीणा के संयोजन में तथा एस.डी.ओ. स्नेहलता हरित के मुख्य आतिथ्य में कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया। 29 जून को जिला मुख्यालय अलवर में जिला फोरम के द्वारा स्काउट गाइड मुख्यालय नजर बगीची में कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि जि. शि. अधिकारी नेकीराम थे। फोरम जिला अध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश शर्मा ने अध्यक्षता की। कार्यक्रम का संचालन उपाध्यक्ष भूमिदत्त शर्मा ने किया।

## 3. जिला-बाँसवाड़ा





पुरस्कृत शिक्षक फोरम की जिला शाखा बाँसवाड़ा द्वारा निकटवर्ती ग्राम नवागाँव स्थित के.बी. हिल (कटेवा भैरूंजी) पर फोरम के संयोजक हितेश स्वर्णकार, सहसंयोजक संजय गुप्ता, महेश जोशी, स्वर्णादास, ब्रजमोहन द्विवेदी के द्वारा घूमने आये पर्यटकों को कोरोना महामारी के प्रति जागरुकता का सन्देश दिया। बिना मास्क घूमते 250 पर्यटकों को नि:शुल्क मास्क वितरित किये।

## 4. जिला-बाड़मेर








पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान जिला इकाई बाड़मेर द्वारा कोविड-19 के आपदा प्रबन्धन में जिला अध्यक्ष सालगराम परिहार एवं महासचिव दत्ताराम खारवाल के नेतृत्व में जन जागरुकता अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये। उपखण्ड अधिकारी बालोतरा एवं जिला परिवहन कार्यालय में 360 मास्क वितरित किये गये। नरेगा श्रमिकों को मास्क एवं सेनेटाइजर वितरण विकास अधिकारी के मुख्य आतिथ्य में किये गये। जिला इकाई बाड़मेर के द्वारा कोरोना से बचाव जन जागरण अभियान के अन्तर्गत चिकित्सकों, नर्सिंग कर्मियों, पुलिस अधिकारियों, सफाई कर्मियों एवं शिक्षकों को साफा पहना कर व शाल उढ़ा कर के सम्मान किया। भामाशाहों से सहयोग लेकर के जिला फोरम ने जरूरतमन्द लोगों को राशन सामग्री तथा 65 पी.पी.ई. किट्स भी चिकित्सकों तथा पुलिस अधिकारियों को वितरित किए। कोविड-19 के आपदा प्रबन्धन के क्षेत्र में किये गये उल्लेखनीय कार्यों के लिए जिला अध्यक्ष सालगराम परिहार को राष्ट्र स्तरीय स्वयंसेवी संगठनों ने आन लाइन प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर के सम्मानित किया। बाड़मेर जिला इकाई द्वारा समय-समय पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, प्रतियोगिता में चयनित अधिकारियों तथा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित खिलाड़ियों आदि का भी सम्मान किया जाता रहा है। गर्व की बात है कि बाड़मेर जिला इकाई द्वारा आये दिन आयोजन व कार्यक्रम होते रहते हैं।

## 5. जिला-बारां






पुरस्कृत शिक्षक फोरम की शाखा बारां के बैनर तले पुरस्कृत शिक्षकों ने अकील अहमद व मांगीलाल मीणा के नेतृत्व में किशनगंज में दिनांक 3 जुलाई, 2020 को कोरोना महामारी से बचाव हेतु मास्क वितरित किए। इस महामारी से बचाव हेतु सन्देश आम जनता को दिया।

## 6. जिला-भरतपुर





पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान जिला शाखा भरतपुर द्वारा 2 जुलाई को कोरोना जन-जागरण अभियान के अन्तर्गत रा.उ.मा.वि. अरौदा भरतपुर में विद्यालय स्टाफ व ग्रामीणों को मास्क वितरण किया गया। जिला अध्यक्ष लक्ष्मण 'हंतरा' ने कोरोना से बचाव के टिप्स दिए। जिला महासचिव समीमुद्दीन ने आयोजन का संचालन किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य हरेन्द्रजी, जिला फोरम कोषाध्यक्ष अनुराग सिंह राजौरिया, जगदीश प्रसाद शर्मा, सुनीता शर्मा, विद्यालय स्टाफ व ग्रामीण उपस्थित थे। जिला फोरम भरतपुर के द्वारा जगतार सिंह के नेतृत्व में काढ़ा पिलाया तथा मास्क वितरित भी किये गये।

## 7. जिला-बीकानेर






पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान जिला शाखा बीकानेर द्वारा दिनांक 4 जुलाई को जिला जिला अध्यक्ष सुनील खत्री, महासचिव सतीश चन्द्र साद, गोपाल राम नाई तथा अन्य सदस्यों की उपस्थिति में बीकानेर के सार्वजनिक स्थानों पर आमजन को मास्क वितरित किए गए।

## 8. जिला-भीलवाड़ा













फोरम की जिला इकाई भीलवाड़ा के द्वारा भीलवाड़ा शहर में 4 जुलाई को कोरोना से बचाव जन-जागरण अभियान का आगाज किया गया। रा.बा. उ.मा. विद्यालय भीलवाड़ा के सभागार में आरोग्य भारती चित्तौड़गढ़ के प्रान्त सचिव के द्वारा प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला चूर्ण वितरित किया गया। उक्त आयोजन में जिला अध्यक्ष डॉ. तेजराज मेवाड़ा, जिला सचिव जगदीश चन्द्र शर्मा ने फोरम की ओर से स्कूल प्रधानाचार्या के हाथों मास्क वितरित कराये गये। इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष सांवल कुमार ओझा, उदय लाल सेन, अरविन्द व्यास, राजेन्द्र प्रसाद जोशी व आमजन उपस्थित थे। 5 जुलाई को पुनीत कालेज भीलवाड़ा में जिला इकाई भीलवाड़ा की ओर से कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया। आरोग्य भारती चित्तौड़ प्रान्त सचिव कैलाश सोमानी जी ने प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के हर्बल काढ़ा पैकेट वितरित किये। फोरम जिला अध्यक्ष डॉ. तेजराज मेवाड़ा, सचिव जगदीश चन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष सांवल कुमार, डॉ. कृष्ण गोपाल जांगिड़ व उदय लाल सेन सहित सदस्य उपस्थित थे।

## 9. जिला-बूंदी






पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला इकाई बूंदी के द्वारा 9 जून को हिण्डोली कस्बे में जिला अध्यक्ष राजेन्द्र कुमार निर्मल के नेतृत्व में तथा उपखण्ड अधिकारी मुकेश चौधरी के मुख्य आतिथ्य में कोरोना योद्धाओं को कोरोना रक्षा कवच (फेस शील्ड) का वितरण किया गया। जिला फोरम सचिव गुरमीत कौर ने आयोजन का संचालन किया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार केसरी सिंह, विकास अधिकारी मोहन लाल मीणा तथा आंगनबाड़ी सर्वे कार्मिक भी उपस्थित थे। 9 जुलाई को बूंदी रोडवेज आगार प्रबन्धक रेनू देवड़ा को रोडवेज कर्मियों के लिए जिला इकाई बूंदी की ओर से कोरोना सुरक्षा के लिए फेस सीट भेंट की। इस अवसर पर पुरस्कृत शिक्षक फोरम बूंदी अध्यक्ष डॉ. राजेन्द्र निर्मल, राम प्रसाद मीना, राधेश्याम लड्डा, गुरमीत कौर, मीनाक्षी शर्मा तथा उमा हाड़ा उपस्थित थे।

## 10. जिला-चित्तौड़गढ़





पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला इकाई चित्तौड़गढ़ के बैनर तले चित्तौड़गढ़ कलेक्ट्रेट परिसर में फोरम के सचिव राजेश ओझा व जिला अध्यक्ष बसन्ती लाल पंचोली ने विभिन्न आयुर्वेदिक औषधियों को मिश्रण से कलेक्ट्रेट परिसर में ही काढ़ा निर्मित कर लगभग 2,000 लोगों को काढ़ा पिलाया गया। फोरम के संरक्षक लक्ष्मी नारायण दशोरा, जिला शिक्षा अधिकारी कल्याण दीक्षित, सी.ए. सुनील भण्डारी व गोपाल आगार ने सेवाएँ दी। वैश्विक महामारी कोरोना से फोरम के संरक्षक ने 30 जून को काढ़ा वितरण किया। इस अवसर पर भूराराम, सुनील, सोहन लाल मेनारिया, अशोक सेन, पंकज सुराणा व मुबारक खान व उनके साथियों ने सेवाएँ दी। नगरी चित्तौड़गढ़ के देवरिया महादेव परिसर में जिला सचिव राजेश ओझा के नेतृत्व में कल्पवृक्ष का पौधारोपण किया।

## 11. जिला-चूरू








महामारी कोरोना से बचाव हेतु जन जागरण अभियान पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान जिला इकाई चूरू द्वारा 21 मई को ओडियो से सुसज्जित वाहन को उपखण्ड अधिकारी अवि गर्ग ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्य जिला अधिकारी सम्पतराम ने जिला फोरम अभियान की भूरि-भूरि प्रशंसा की। जागृति गीतों के ओडियो तैयार कर्त्ता फोरम उपाध्यक्ष कुलदीप व्यास हैं। जिला फोरम अध्यक्ष सूर्य प्रकाश त्रिवेदी ने कोरोना बचाव के बारे में जानकारी दी। इसी कड़ी में कोरोना से बचाव जागरण अभियान कार्यक्रम को जिला फोरम चूरू इकाई द्वारा 21 जून को उपखण्ड अधिकारी रतनगढ़ डॉ. गौरव सैनी ने प्रचार-प्रसार रथ को हरी झण्डी दिखाकर के रतनगढ़ से रवान किया। जिला फोरम द्वारा उप कारागार गृह रतनगढ़ में कैदियों के लिए तथा अन्य आमजन को विभिन्न स्थानों पर कुल 8,000 मास्क वितरित किये गये। राज्य स्तर पर सम्मानित सरोज देवी ने 250 मास्क तैयार करके जिला फोरम की ओर से वितरित किए। 30 जून को रतनगढ़ में बोर्ड परीक्षार्थियों को जिला फोरम उपाध्यक्ष कुलदीप व्यास के द्वारा मास्क वितरित किये। जिला फोरम चूरू के तत्वावधान में उप कारागार रतनगढ़ में जालान जन कल्याण ट्रस्ट कोलकाता के सहयोग से नलकूप लगवाया गया। जिला फोरम उपाध्यक्ष कुलदीप व्यास व फोरम सदस्य अम्बिका प्रसाद शर्मा ने दीप प्रज्जवल कर विधिवत शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सूर्य प्रकाश त्रिवेदी, महासचिव ओम प्रकाश तंवर, रूक्मानन्द भीचर व ए.सी.बी.ई.ओ. विक्रम सिंह उपस्थित थे।

## 12. जिला-दौसा






पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान जिला इकाई दौसा द्वारा रामकरण जोशी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में 28जून को जिला अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा एवं महासचिव हरसहाय मीणा द्वारा सेवानिवृत्त उपनिदेशक प्रेमवती शर्मा एवं पी.जी. शर्मा की उपस्थिति में कोरोना महामारी से बचाव हेतु जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कोरोना से लड़ने हेतु किये गये कार्यों की कलेक्टर श्री चतुर्वेदी एवं समस्त कोरोना योद्धाओं ने पुरस्कृत शिक्षकों की सराहना की। इस अवसर पर फोरम ने मास्क व सैनिटाइजर वितरित किये। इस अवसर पर ललित कुमार, कुलदीप शर्मा, संतोष स्वर्णकार, राजेश कुमार, मूलचन्द मीणा, भंवरीलाल मीणा, गौतम जी त्यागी व अन्य पुरस्कृत शिक्षक उपस्थित रहे।

## 13. जिला-डूंगरपुर






पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला डूंगरपुर ने 27 जून को डूंगरपुर मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर कोरोना जागरुकता विषयक बैनर सार्वजनिक स्थानों व चौराहों पर लगाये। डूंगरपुर रोडवेज बस स्टेण्ड, क्लेक्ट्रेट के बाहर, माणक चौक, पुराना बस स्टेण्ड, शिवाजी नगर, माताजी चौक व सब्जी मण्डी के अलावा सागवाड़ा मुख्यालय, आसपुर, सीमलवाड़ा, धम्बोला एवं पीठ के सार्वजनिक स्थलों पर बैनर लगाये। अभियान का नेतृत्व जिलाध्यक्ष दिनेश चन्द्र श्रीमाल, जिला सचिव रितेश पण्ड्या तथा जिला कोषाध्यक्ष सुखलाल पाटीदार व जिला इकाई की पूरी टीम ने किया।

## 14. जिला-धौलपुर







पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला इकाई धौलपुर द्वारा चलाये जा रहे कोरोना जागरुकता अभियान के अन्तर्गत पोस्टर का विमोचन जिला कलेक्टर राकेश जायसवाल ने किया। धौलपुर जिला मंत्री सुरेश गोस्वामी, फोरम के प्रांतीय प्रतिनिधि नरेश जैन, फोरम उपाध्यक्ष अजय चौधरी, जिला फोरम कोषाध्यक्ष राजेश उपाध्याय ने जिले में कोरोना से बचाव जन जागरण अभियान ब्लाक स्तर पर चलाने के लिए जिला फोरम की ओर से योजना बनाई। राजखेड़ा व मनिया ब्लाक सुरेन्द्र सिंह सिकरवार बसेड़ी व सरमथुरा राहुल कुमार शर्मा धौलपुर व सैपऊ अजय सिंह चौधरी को ब्लाक प्रभारी बनाया गया।

## 15. जिला-हनुमानगढ़





पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला इकाई हनुमानगढ़ के बैनर तले दिनांक 5 जुलाई को हनुमानगढ़ के ब्लाक भादरा में कोरोना महामारी से बचाव हेतु कोरोना जन जागरण अभियान के अन्तर्गत पुरस्कृत शिक्षक डॉ. नीलम शर्मा, मनोहर लाल शर्मा, राजेश कुमार स्वामी, नीतू बाला, पृथ्वी सिंह, राजेश पोटलिया, अतिरिक्त मुख्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी श्री सागरमल, नितेश कुमार भारद्वाज, गुलाम नबी, मोहम्मद अब्बास, महेन्द्र पाल, ओमप्रकाश व अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में भादरा शहर के विभिन्न स्थानों पर मास्क व सैनिटाइजर का वितरण किया गया। कोरोना योद्धा के रूप में भादरा में कार्यरत कांस्टेबल अनिल कुमार व मनीराम का फोरम के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया।

## 16. जिला-जयपुर








जयपुर जिला इकाई के द्वारा 6मई को चौमूं ब्लाक मुख्यालय के पुलिस थाना, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा तहसील कार्यालय में 200 मास्क वितरित किये। इस अवसर पर जिला फोरम संरक्षक मुरारीलाल राव, जिला अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा, संगठन सचिव राजेश कुमार शर्मा तथा मीडिया प्रभारी मदन कुमार मीणा आदि उपस्थित थे। जिला इकाई द्वारा 30 मई को चौमूं ब्लाक के नीवाना ग्राम के पुलिस कर्मी, स्वास्थ्य कर्मी तथा सफाई कर्मियों का जिला अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा द्वारा सम्मान किया गया। गोविन्दगढ़ ब्लाक के खेजरोली कस्बे में राज्य तथा जिला इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कोरोना वारियर्स का सम्मान किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सक, नायब तहसीलदार, पटवारी व पुलिस कर्मियों का शाल उढ़ाकर व माला पहना करके सम्मान किया। पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान जिला इकाई जयपुर की ओर से 7 जुलाई को ब्लाक कोटपूतली में रा.उ.मा.वि. पवाना अहीर में कोरोना से बचाव जागरुकता का सन्देश जिला वरि. उपाध्यक्ष रामकरण यादव के नेतृत्व में बैनर व पोस्टर के माध्यम से दिया। इस अवसर पर ब्लाक सी.बी.ई.ओ. सुभाष चन्द शर्मा व प्रधानाचार्य महेश यादव सहित शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी उपस्थित थे। जिला इकाई के संगठन सचिव विनोद कुमार शर्मा के नेतृत्व में गोविन्दगढ़ ब्लाक के जयसिंहपुर व देवपुरा में कोरोना संक्रमण से बचाव के बारे में विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं ग्रामवासियों को पम्पलेट्स के माध्यम से जानकारी दी।

## 17. जिला-झालावाड़





पुरस्कृत शिक्षक फोरम शाखा झालावाड़ के बैनर तले जिले के पुरस्कृत शिक्षकों ने 29 जून को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झालावाड़ में दसवीं के विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व विद्यालय में प्रवेश करते समय पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश शर्मा, कुसुम शर्मा, सुभाष श्रोत्रिय, रतनलाल, कुंज बिहारी, बद्रीश, महेश गुप्ता, डॉ. योगेन्द्र नरूका, ओम राठौड़, कैलाश यादव व दुर्गा शंकर सोनी की उपस्थिति में 200 मास्क वितरित किये गये।

## 18. जिला-जालौर





पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला जालौर द्वारा 5 जुलाई को ब्लाक लेटा लक्ष्मणबाड़ी में नरेगा श्रमिकों को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जानकारी देते हुए श्रमिकों को जिला फोरम की ओर से मास्क वितरित किये गये। साथ में श्रमिकों को नींबू से तैयार काढ़ा भी पिलाया गया। जिला फोरम इकाई अध्यक्ष मिश्रीलाल गर्ग, सचिव गोपाल सिंह राजपुरोहित, संरक्षक तगाराम सिंहल वालेरा, मंत्री दुर्गसिंह दहिया, उपाध्यक्ष आशाराम पुरोहित, कोषाध्यक्ष नृहसिंह वैष्णव, संगठन मंत्री दिनेश विश्नोई, इन्द्रसिंह राजपुरोहित, सूबेसिंह व कपूर राम चौधरी उपस्थित थे।

## 19. जिला-जैसलमेर





पुरस्कृत शिक्षक फोरम की जिला इकाई जैसलमेर के बैनर तले जैसलमेर के फतेहगढ़ ब्लॉक में दिनांक 30 जून, 2020 को पुरस्कृत शिक्षक रहीम खान ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय फतेहगढ़ के मैदान में कोरोना महामारी से बचाव हेतु जन जागरण कार्यक्रम का आयोजन करवाया। इस आयोजन में फतेहगढ़ और आसपास के विद्यालयों ने भाग लिया। छात्रों को नि:शुल्क मास्क वितरण किये एवं साथ ही महामारी से बचाव हेतु टिप्स देते हुए सोशल डिस्टेंसिंग का पालन भी करवाया।

## 20. जिला-जोधपुर














पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला इकाई जोधपुर के द्वारा कोरोना से बचाव के लिए जोधपुर के निकट ग्राम झालामंड की बस्ती, हनुमान कॉलोनी, कबीर नगर, सांसी कॉलोनी के वासियों को टिप्स जिला फोरम अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कुंपावत के नेतृत्व में दिये गये। इस अवसर पर फोरम की ओर से मास्क वितरित किये गये। जिला फोरम द्वारा 27 जून को जोधपुर के पावटा गोशाला मैदान में कोरोना से बचाव जन जागृति अभियान का आयोजन किया गया। फोरम अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष डॉ. मीना जांगिड़, अति. मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शीला आसोपा, फोरम जिला सचिव गणपत सिंह जैतावत व सह सचिव राकेश देवड़ा के तत्तावधान में आयोजन हुआ। एस.आर. आयुर्वेद विश्वविद्यालय के सहयोग से फोरम के द्वारा घर-घर जाकर के काढ़ा पिलाया गया। जोधपुर जिला इकाई तथा डॉ. राधाकृष्णन आयुर्वेदिक विश्वविद्यालय कड़वड़ जोधपुर के तत्वावधान में बोर्ड परीक्षार्थियों को झालमंड स्कूल में काढ़ा पिलाया गया तथा कोरोना जागृति रैली निकाली गयी। इस अवसर पर जिला फोरम अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह कुम्पावत, रेणु तिवाड़ी, अनिता राठौड़, मीना जांगिड़, भागीरथ सिंह, सत्यप्रकाश सेन, राकेश देवड़ा, प्रसन्न पुरी, शीला आसोपा, अनिल धींगरा उपस्थित थे।

## 21. जिला-झुंझुनूं







जिला इकाई झुंझुनूं द्वारा कोरोना महामारी से बचाव के लिए जागरण रैली जिला सचिव बलवीर सिंह के नेतृत्व में 4 जुलाई को रा.उ.मा.वि. दोरासर से क्षेत्रीय स्तर पर निकाली गयी। विद्यालय स्टाफ भी रैली में सम्मिलित हुआ। जिला फोरम की ओर से 5 जुलाई को कोरोना से बचाव जन जागरण रैली निकाली गयी। जिला परिषद आयुक्त रोहित मील ने हरी झण्डी दिखाकर के रवाना किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पितराराम गोदारा, सचिव बलवीर सिंह नेहरा, राजेश बुरी, नरेन्द्र झाझड़िया व विकास बुगालिया सहित आमजन उपस्थित थे। जिला इकाई झुंझुनूं द्वारा मलसीसर उपखण्ड टमकोर में पुरस्कृत शिक्षक तनसुख राम द्वारा कोरोना जागरण के प्रचार हेतु पोस्टर वितरित किये।

## 22. जिला-करौली








पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान जिला इकाई करौली के बैनर तले 29 जून, 2020 को हिण्डौन में पुरस्कृत शिक्षकों ने कोरोना महामारी से मुक्ति हेतु प्रचार-प्रसार किया। करौली के जिला संयोजक धर्मराज जांगिड ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ पूरणमल जाटव ने किया। मंत्री पुष्पा मंगल, प्राचार्य सोमवती शर्मा-अध्यक्ष, शीतल प्रसाद शुक्ला-संयोजक, धर्मराज जांगिड, पूरमणमल जाटव आदि ने हिण्डौन शहर में रैली निकाली। जगह-जगह मास्क वितरित किये व परिंडे लगाये।

## 23. जिला-कोटा







जिला फोरम इकाई कोटा की ओर से शहर में प्रदेश महिला सचिव रजिया खान के नेतृत्व में कोरोना से बचाव जन जागरण रैली निकाली गयी। फोरम की ओर से आम जन को मास्क, सैनीटाइजर व साबुन वितरित किये गये। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज भारद्वाज ने कोरोना से बचाव के लिए सावधानी रखने की शपथ दिलाई। घनश्याम गौतम (संगठन सचिव), रमेश जी कनेरिया (संरक्षक), जगदीश जी वर्मा (कोषाध्यक्ष), समाजसेवी डॉ. सुधीर गुप्ता, वेटा स्वामी, नरेश शर्मा गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। जिला फोरम कोटा इकाई की ओर से इटावा ब्लॉक में फोरम सदस्य अशोक महावर के नेतृत्व में क्षेत्रीय आमजन को कोरोना के प्रति जागरुक करने के लिए रैली निकाली गयी। ग्रामीणों को जिला फोरम की ओर से मास्क व सैनीटाइजर वितरित किये गये।

## 24. जिला-प्रतापगढ़








पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान जिला इकाई प्रतापगढ़ के तत्वावधान में 27 जून को गडरिया वास केशरपुरा में प्रतापगढ़ इकाई के पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ एवं सुरेश चन्द पाटीदार की उपस्थिति में फोरम के सदस्यों ने ग्रामीणों को मास्क व सैनीटाइजर का वितरण कर इस वैश्विक महामारी कोरोना से बचाव हेतु दैनिक जीवन में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाना, मास्क लगाने व सोशल डिस्टेंसिंग की पालन करने का सुझाव दिया।

## 25. जिला-पाली






पुरस्कृत शिक्षक फोरम की जिला इकाई पाली के तत्वावधान में पाली के बांगड़ विद्यालय के प्रधानाचार्य बसन्त कुमार परिहार की उपस्थिति में 'कोरोना योद्धा के रूप में शिक्षकों की भूमिका' विषय पर 26जून, 2020 को केसरपुर विद्यालय पाली में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। सह संयोजक शिक्षक देवराज शर्मा ने इस वैश्विक महामारी से स्वयं व परिवार को बचाने हेतु जागरुक किया एवं पूर्व प्रधानाचार्य घनश्याम चौधरी ने कोरोना से बचाव के टिप्स दिये। इस मौके पर फोरम द्वारा कोरोना योद्धा शिक्षकों का सम्मान किया। पुरस्कृत शिक्षक पूनम तिवारी ने सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का पालन करने का सन्देश दिया। संस्था प्रधान परिहार ने बोर्ड परीक्षा के दौरान बरती जाने वाली व्यवस्थाओं की जानकारी दी। जरूरतमन्द आमजनों को जिला फोरम की ओर से मास्क वितरित किये गये।

## 26. जिला-नागौर






29 मई को पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला इकाई नागौर के अध्यक्ष सुनील कुमार सेन के नेतृत्व में जिला फोरम की ओर से कोरोना महामारी काल में जरूरतमन्द लोगों को खाद्य सामग्री एवं मास्क वितरित किये। फोरम की नागौर जिला इकाई महासचिव शिवशंकर बोहरा के नेतृत्व में जरूरतमन्द परिवार को राशन सामग्री किट दिये गये। जिला नागौर कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द टेलर ने जिला फोरम की ओर से कोरोना महामारी से बचने के लिए नरेगा श्रमिकों को समझाया। गाँवों में पक्षियों के लिये परिण्डे भी बाँधे। कोविड महामारी काल में जरूरतमन्द किडनी रोगी नगरपालिका लाडनूं के कार्मिक को राशन सामग्री जिला सचिव शिवशंकर बोहरा ने दी।

## 27. जिला-श्रीगंगानगर





पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला शाखा गंगानगर द्वारा कोरोना महामारी बचाव जन जागरण अभियान के अन्तर्गत 2 जुलाई को राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नम्बर 4 श्रीगंगानगर में अभिभावकों व स्टाफ को कोरोना महामारी से बचाव हेतु जागरुक किया व बचाव के टिप्स जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह द्वारा दिये। इस अवसर पर राजेन्द्र कुमार स्वामी, मोनिका शर्मा, अमर जीत कौर व राजविन्द्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## 28. जिला-राजसमन्द








फोरम जिला इकाई राजसमन्द के सचिव जसराज सरगरा के नेतृत्व में चारभुजा स्थान के निवासियों को जिला फोरम की ओर से मास्क वितरित किये। 11 जुलाई को राजसमन्द जिला इकाई की ओर से कोरोना महामारी के चलते जरूरतमन्द लोगों को 3 लाख 9 हजार 300 रुपये की विभिन्न सामग्री वितरित की। 200 मास्क, 100 छाते, 200 जूते जोड़ी, 200 चप्पल, 200 टिफिन व बर्तन सेट 100 जरूरतमन्द लोगों को राशन किट, बिजली पंखे, 1500 परिण्डे बाँधे गये। जिला अध्यक्ष उदय लाल रैगर 11 हजार, जिला सचिव जसराज 11 हजार, उपाध्यक्ष रामचन्द्र पानेरी 11 हजार तथा महामंत्री कृष्ण गोपाल गुर्जर ने 31 हजार रुपये राशि का सहयोग किया। शेष राशि क्षेत्र के भामाशाहों से जिला फोरम ने एकत्रित की। सामग्री नाथद्वारा, कुम्भलगढ़, चारभुजा, रेलमगरा के निवासियों को वितरित की। पुलिस थाना खमनोर (राजसमन्द) को जिला इकाई की ओर से वाटर कूलर आर.ओ. मशीन 19 अगस्त, 2020 को थानाधिकारी को जिला महामंत्री कृष्ण गोपाल गुर्जर ने भेंट की।

## 29. जिला-सवाई माधोपुर





पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला इकाई सवाई माधोपुर ने 27 जुलाई को रणथम्भोर सर्किल सवाई माधोपुर में ओम प्रकाश साहू के नेतृत्व में मास्क वितरित किये। जिला इकाई की ओर से दिनेश कुमार गुप्ता, बाबूलाल बैरवा, अरविन्द कुमार जैन, आले अहमद जैदी, तेजकंवर राठौड़ व राममूर्ति राव सहित गणमान्य जन उपस्थित थे।

## 30. जिला-सीकर









पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला इकाई सीकर के तत्वावधान में 20 मई को रा.प्रा. संस्कृत विद्यालय डाबर का बालाजी अरनिया ब्लॉक श्रीमाधोपुर में पुरस्कृत रामदयाल सैनी के द्वारा क्षेत्र के कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया गया। 29 मई को सीकर जिला इकाई के द्वारा जिला कार्यकारी अध्यक्ष निर्मला देवी के नेतृत्व में नीमकाथाना क्षेत्र में175 मास्क उपखण्ड अधिकारी साधूराम जाट व ब्लॉक विकास अधिकारी को फोरम की ओर से भेंट किये गये। इस अवसर पर पुरस्कृत शिक्षक गुलाब चन्द सैनी, कृष्णा कुल्हरी व बसन्ती लाल सैनी भी उपस्थित थे। रा.उ.मा.वि. रींगस के कोरोना सहायता शिविर में फोरम जिला इकाई सीकर की ओर से उपखण्ड अधिकारी श्रीमाधोपुर के मुख्य आतिथ्य में तथा पुरस्कृत शिक्षक मंगल चन्द कुमावत के नेतृत्व में शिविर में ठहरे 36प्रवासी मजदूरों को झारखण्ड रवाना करने से पहले कोरोना से बचाव का संकल्प दिलाया तथा फोरम के तत्वावधान में उन्हें आयोजित कार्यक्रम में श्री मंगल चन्द ने 1100 मास्क उपखण्ड अधिकारी को भेंट किये। रींगस कस्बे में 22 जून को जिला फोरम सीकर की ओर से कोरोना से बचाव के लिए जागरुकता रैली का आयोजन किया। प्रधानाचार्य व रैली संयोजक मंगल चन्द कुमावत ने हरी झण्डी दिखा कर के रैली को रवाना किया। दांतारामगढ़ ब्लॉक में प्रांतीय प्रतिनिधि प्रभुदयाल कुमावत ने क्षेत्र के पुरस्कृत साथियों के साथ अपने क्षेत्र में जन-जागरण अभियान चलाया। फतेहपुर ब्लॉक में पुरस्कृत शिक्षक सुरन्द्र कुमार शर्मा ने खाद्य सामग्री, मास्क व सैनेटाइजर आदि जरूरतमंदों को वितरित किये। पुरस्कृत शिक्षक लक्ष्मीनारायण सैनी व रामदयाल सैनी ने पक्षियों हेतु परिण्डे बंधवाये।

## 31. जिला-सिरोही





पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला इकाई सिरोही के बैनर तले 27 जून ग्राम पंचायत निठोड़ा, जिला सिरोही में निठोड़ा सरंपच श्रीमती ज्योत्सना देवी की अध्यक्षता में एवं पुरस्कृत शिक्षक मुकेश कुमार के सानिध्य में जन जागरण रैली का आयोजन किया जिसमें पुरस्कृत शिक्षकों ने कोरोना महामारी से बचाव हेतु टिप्स दिये।

## 32. जिला-टोंक








पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान शाखा टोंक के बैनर तले मुख्य अतिथि अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी चौथमल चौधरी की उपस्थिति में जिला फोरम अध्यक्ष भंवर लाल कुम्हार, दूनी रोडवेज बस स्टेण्ड चौक पर यात्रियों को फेस मास्क का वितरण किया गया एवं यात्रियों को इस वैश्विक महामारी से बचाव के टिप्स दिये। इस मौके पर पुरस्कृत शिक्षक विमल कुमार जैन, ओमप्रकाश, निर्मल कुमार जैन, किशनलाल, कैलाश चन्द, मुकेश शर्मा, प्रियांशु आदि भी उपस्थित थे।

## 33. जिला-उदयपुर













पुरस्कृत शिक्षक फोरम जिला इकाई उदयपुर की ओर से 30 जून को कोरोना से बचाव जागरुकता तथा कोरोना योद्धाओं का सम्मान का आयोजन उदयपुर में रखा। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र में सेवा अभियान चलाने वाले वर्ल्ड रिकार्ड होल्डर योगाचार्य प्रीतम सिंह चुंडावत का जिला इकाई की ओर से कोरोना योद्धा के रूप में सम्मान किया गया। इस अवसर पर आयुर्वेदिक काढ़ा का महत्त्व बताया गया। इस अवसर पर जिला इकाई की ओर से विनोद जैन व लक्ष्मण दास वैष्णव ने भी कोरोना से बचाव के उपाय बताये। पुरस्कृत शिक्षक परिषद जिला इकाई उदयपुर की ओर से उदयपुर शहर में कोरोना जन जागृति अभियान 3 जुलाई से शुभारम्भ किया। मुख्य अतिथि पूर्व संयुक्त निदेशक व पुरस्कृत शिक्षक भरत मेहता थे। अध्यक्षता खेलशंकर व्यास ने की। अभियान संयोजक विनोद जैन थे। इस अवसर पर नि:शुल्क मास्क, सैनीटाइजर एवं जागरुकता पत्रकों का वितरण भी किया गया।